# कार्यालय नगर पालिका परिषद बडौत जनपद बागपत

पंत्राक 527/2017–2018/मुख्य कार्यालय दिंनाक-05/12/2017

## "ई–निविदा सूचना"

निदेशक/राज्य मिशन निदेशक (अमृत) नगरीय निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या एम0एम0एम0यू0/440/39(1)/2016 दिनांक 07–04–2017 में दिये गये निर्देशों एंव पत्र सं0–एस0एस0एम0यू0/378/2016/4033/नौ–5–2016/257 बजट/2016 दिनांक 27–12–2016 द्वारा अवमुक्त प्रथम किश्त तथा पत्रांक यू0आर0सी0/962(एच)24/2017–18 दिनांक 26–08–2017 के अनुपालन में अटल मिशन फार रिजूवेशन एण्ड अर्बन ट्रांसफोरमेशन (AMRUT) कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत आवास विकास कालोनी में स्थित भगत सिंह पार्क एवं पानी की टंकी वाला पार्क का सौन्दर्यकरण कार्य किये जाने हेतु निम्नलिखित निर्माण कार्यो की प्रतिशता के आधार पर ई–निविदायें, ई–प्रोक्युरमेन्ट टैण्डर सिस्टम से ऑनलाईन 02 बिड सिस्टम (तकनीकी तथा वित्तीय बिड) से आमंत्रित की जाती है। नगर पालिका परिषद बडौत/लोक निर्माण विभाग बागपत एंव अन्य सरकारी विभागों में पजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | | | 02 (दो) प्रतिशत धरोहर धन राशि (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रोजेक्ट | ओ एण्ड एम | योग | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | आवास विकास कालोनी में भगत सिंह पार्क के सौन्दर्यकरण का कार्य। | 21.48 | 2.039 | 23.519 | 0.47 | 2150 | 03 माह | ए–क्लास | जी0एस0टी0 केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से लागू की जायेगी |
| 2 | आवास विकास कालोनी में स्थित पानी की टंकी वालें पार्क में सौन्दर्यकरण का कार्य। | 35.91 | 3.335 | 39.245 | 0.78 | 3600 | 03 माह | ए–क्लास | जी0एस0टी0 केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से लागू की जायेगी |

1 (क) बिड फीस उपरोक्त तालिका नम्बर 07 के अनुसार निविदा मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बडौत** के पक्ष में देय हो स्वीकार किया जायेगा।

(ख) उपरोक्त तालिकाक्रम सं0 6 के अनुसार धरोहर धनराशि जो एफ0डी0आर0/बचत पत्र/बैंक गारण्टी जो नेशनलाइज बैंक द्वारा निर्गत की गयी हो तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बडौत के पक्ष में देय हो स्वीकार की जायेगी। धरोहर धनराशि की वैद्यता बिड जमा करने की दिनांक से कम से कम 120 दिवस होनी चाहिये। धरोहर धनराशि के लिये बैंक गारण्टी का प्रारूप–ए संलग्न पर ही मान्य होगी।

2– **बिड डाऊनलोड/जमा करने की विधि :**

बिड दस्तावेज निम्न वेबसाईट से डाउनलोड/प्राप्त एवं जमा की जायेगी। **https://etender.up.nic.in** जिसके लिये ठेकेदारो को किसी सर्टिफाइड अथोरिटी से डिजीटल साइन सर्टिफिकेट (डी0एस0सी0) निर्धारित क्लास के द्वारा उपरोक्त वेबसाईट पोर्टल से यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्त कर ऑनलाइन बिड ई–प्रोक्युरमेन्ट माध्यम से जमा की जायेगी।

महत्वपूर्ण दिनांक :

| क्र0 स0 | प्रकाशन की तिथि | 05–12–2017 सांय 3:00 बजे |
|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज डाउनलोड करने की आरम्भ एवं अन्तिम दिनांक | 05–12–2017 सांय 4:30 बजे<br>26–12–2017 सांय 5:00 बजे |
| 2 | बिड जमा करनें की आरम्भ एवं अन्तिम दिनांक | 05–12–2017 सांय 4:30 बजे<br>26–12–2017 सांयः 5:00 बजे |
| 3 | मूल धरोहर धनराशि तथा बिड दस्तावेज फीस जमा करने की दिनांक | 27–12–2017 सांय 3:00 बजे |
| 4 | तकनीकी तथा वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | 28–12–2017 सांय 3:00 बजे |

**बिड विस्तरता** : बिड दो कवर ऑनलाईन सिस्टम से अपलोड की जायेगी।

(अ) कवर 1 : तकनीकी बिड– धरोहर धनराशि व बिड फीस एवं अन्य सभी तकनीकी दस्तावेज
कवर 2 : वित्तीय बिड–प्रतिशता के आधार पर केवल बी0ओ0क्यू0 संलग्न किये जायेगें।

नगर पालिका परिषद बडौत/अपर जिलाधिकारी बागपत/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बागपत के कार्यालय में जिसकी तकनीकी बिड क्र0सं0 04 के अनुसार दिनांक को निविदादाताओं के समक्ष ऑनलाईन इलैक्ट्रोनिक्स माध्यम से खोली जायेगी।

तकनीकी निविदा के परीक्षणोंपरान्त कुल 1000 अंकों से न्यूनतम 600 अंक प्राप्त करने वालें निविदाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। किन्ही कारणवश उक्त तिथि मे अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस माना जायेगा। निविदा नोटिस को नगर पालिका परिषद, बडौत की वेबसाइट **www.nppbaraut.in** पर भी देखा जा सकता है।

## मूल दस्तावेज जमा करना :

उपरोक्त तालिका के क्रम सं0 3 पर अंकित दिनांक को मूल धरोहर धनराशि मूल बिड फीस तथा अपलोड किये गये तकनिकी बिड हेतू स्वयं प्रमाणित दस्तावेजो के दो सेट की प्रतिलिपि जमा करना अनिवार्य है।

## नियम व शर्ते :–

### 1– तकनीकी बिड :

(1) निविदा डालते समय उपरोक्त अंकित 2(दो) प्रतिशत धरोहर निविदा फार्म के साथ राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0/ बैंक गारण्टी के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बडौत के नाम बंधक हो निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही शासन द्वारा निविदा स्वीकृत किये जाने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर 8(आठ) प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करने एंव निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबंध किये जाने के बाद ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। अन्य राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार की निविदा न्यूनतम होने की दशा में उस निविदादाता को पालिका में पंजीकरण कराने के उपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा। अन्यथा कार्य स्वतः निरस्त माना जायेगा।

(2) निविदा केवल प्रतिशत दर पर ही मान्य होगी तथा बिना कारण बतायें निविदा निरस्त करने का अधिकार शासन/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बडौत में निहित होगा तथा बिड वैद्यता 90 दिवस की होगी एवं सशर्त निविदायें किसी भी दशा में स्वीकार नही होगी।

(3) निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र (निर्धारित समयावधि के अन्दर का हो) एवं किसी सरकारी विभाग में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र साथ–साथ व्यापार कर आयकर प्रमाण पत्र एंव श्रम विभाग में पंजीयन का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, पी0एफ0 प्रमाण पत्र, पैन कार्ड आदि संलग्न करना होगा।

(4) निविदादाता को इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह शासकीय/अशासकीय अथवा अन्य किसी संस्था से निविदा कार्य हेतु काली सूचीबद्व नही किया गया है।

(5) निविदादाता को उक्त कार्यो से संबंधित अन्य विभागों में कराये गये कार्यो का अनुबंध प्रमाण पत्र व कार्यादेश की प्रमाणित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(6) निविदादाता को उपरोक्त परियोजना से संबंधित क्र0सं0 01 के लिए अंकन 17.50 लाख व क्र0सं0 02 के लिए अंकन 25.00 लाख तक का कार्य विगत तीन वर्षो में पूर्ण कराये जाने से संबंधित प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(7) निविदादाता को गत वर्शो की बैलेन्ससीट जो चार्टेड एकाउन्टेन्ट/बैंक द्वारा निर्गत की गयी हो संलग्न करना होगा।

(8) ISO- 9001–2000 का प्रमाण पत्र रखने वाली फर्मो/कम्पनी को वरीयता दी जायेगी।

(9) निविदादाता को 3–5 वर्शो का इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रमाणित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

(10) निविदादाता को अपनी फर्म में कार्य करने वालें सामान्य एंव तकनीकी स्टाफ का विवरण शैक्षिक योग्यता सहित तथा तकनीकी उपकरणों से संबंधित अभिलेख रूपये 10 के स्टाम्प पेपर पर मूल रूप में तथा प्रमाणित छायाप्रतियां निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

(11) निविदादाता को उन विभागों की प्रमाणित सूची प्रस्तुत करना होगा जिसमें उसने निविदा के आधार पर पार्क निर्माण/रख–रखाव संबंधी कार्य किया हो।

**2–वित्तीय बिड :**

केवल प्रतिशत के आधार पर बी0ओ0क्यू0 को अपलोड किया जायेगा अन्य कोई दस्तावेज साथ में संलग्न नही किया जायेगा।

**3– सामान्य शर्ते :**

(1) अनुरक्षण अवधि 05 वर्ष की होगी जिसमें यदि ठेकेदार/फार्म कार्य में अन्य कमियों को तीन दिवस के अन्दर ठीक नही करता है तो उस पर अर्थ दण्ड के रूप में कटौती को ओ0एण्ड0एम0 की लागत से काट ली जायेगी।

(2) कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण करना होगा। समय से कार्य पूर्ण न होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

(3) पार्क के सौन्दर्यकरण के पश्चात आगामी 05 वर्षो तक पार्क के रख–रखाव का दायित्व भी संबंधित ठेकेदार/फर्म द्वारा किया जाना होगा। जिसके अनुरक्षण का भुगतान पूर्णतया सन्तोसजनक पाये जाने पर नियमानुसार किया जायेगा। कमी पाये जाने पर अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि उस फर्म की जमानत धनराशि जब्त कर ली जाये।

(4) कार्यादेश जारी होने पर भारत सरकार द्वारा जारी किये गये अमृत योजनान्तर्गत दिये गये विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार ही ठेकेदार/फर्म को कार्य पूर्ण करना होगा।

(5) ठेकेदार/फर्म द्वारा निविदा के आधार पर कराये गये निर्माण में यदि किसी प्रकार की कमी जांच के समय पायी जाती है तो ठेकेदार/फर्म स्वंय उत्तरदायी होगें एंव भुगतान किया जाना संभव नही होगा।

(6) उपरोक्त कार्य हेतू विद्युत एवं जल, सामग्री, मशीनरी, सामान्य वर्कर तथा तकनीकी स्टाफ आदि की व्यवस्था द्वितीय पक्ष की होगी।

(विनय कुमार मणि त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बडौत

प्रतिलिपि–निम्न की सेवा मे सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–जिलाधिकारी बागपत।

2–अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बागपत।

3–प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय कलेक्ट्रेट बागपत।

4–उपजिलाधिकारी बडौत।

5–कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु/www.nppbaraut.in पर अपलोड हेतू।

6–**nic-in बागपत को इस आशय से कि उपरोक्त निविदा सूचना को वेबसाइट पर डालने का कष्ट करे ।**

7–अमर उजाला/दैनिक जनवाणी समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित है कि कम से कम स्पेस मे सरकारी दरो पर छापते हुये अपना बिल भुगतान हेतू प्रस्तुत करे।

(विनय कुमार मणि त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,बडौत